देहरादून (उत्तराखण्ड)
रविवार 30.11.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :—

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि उत्तराखंड में शीतकालीन पर्यटन बहुत से लोगों को आकर्षित कर रहा है।
- आकाशवाणी पर मन की बात के 128 वीं एपिसोड में श्री मोदी ने हाल ही में पिथौरागढ़ जिले के आदि कैलाश क्षेत्र में हुई मैराथन का भी जिक्र किया।
- पौड़ी की जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया ने श्रीनगर के फरासू गांव में विकसित मॉडल बचपन आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया।
- नशामुक्त भारत अभियान को सफल बनाने के लिए हरिद्वार में बहुउद्देशीय जागरूकता जागरूकता शिविर का आयोजन होगा।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि उत्तराखंड में शीतकालीन पर्यटन बहुत से लोगों को आकर्षित कर रहा है और औली, मुनस्यारी, चोपता और दयारा जैसे पर्यटन स्थल सर्दियों के मौसम में लोकप्रियता हासिल कर रहे हैं। आकाशवाणी पर आज "मन की बात" के 128 वीं एपिसोड में श्री मोदी ने हाल ही में पिथौरागढ़ जिले के आदि कैलाश क्षेत्र में हुई मैराथन का भी जिक्र किया, जिसमें देश भर के 18 राज्यों से 750 से अधिक एथलीट ने प्रतिभा किया। उन्होंने कहा कि कुछ हफ़्तों में उत्तराखंड में शीतकालीन खेलों का भी आयोजन होने वाला है।

कुमाऊं विश्वविद्यालय

कुमाऊं विश्वविद्यालय के अतिथि व्याख्याता निदेशालय एवं इनोवेशन एंड इनक्यूबेशन सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में "यूज ऑफ एआई टूल्स एंड 4.0 फॉर इनोवेशन एंड इन्क्यूबेशन" विषय पर एक ऑनलाइन कार्यशाला आयोजित की गई। उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ वोकेशनल एजुकेशन के निदेशक प्रो. आशुतोष कुमार भट्ट ने मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए कहा कि एआई अब स्वास्थ्य, कानून, उद्योग, संचार सहित विभिन्न क्षेत्रों में तेजी से परिवर्तन ला रही है। गूगल द्वारा रेटिना विश्लेषण में एआई का उपयोग तथा आईबीएम के एआई वकील 'रॉस' के उदाहरण देकर उन्होंने बताया कि उन्नत तकनीक नयी संभावनाओं के साथ बड़े अवसर भी दे रही है। उन्होंने चालक रहित वाहन, डिजिटल सहायक, वस्तु पहचान, मौसम पूर्वानुमान और विनिर्माण क्षेत्र में औद्योगिक क्रांति 4.0 की भूमिका पर भी प्रकाश डाला। इस दौरान एआई के जिम्मेदार उपयोग और दुरुपयोग से बचाव की आवश्यकता पर भी चर्चा हुई।

देहरादून मौसम

देहरादून में लगातार गिरते तापमान और शीतलहर के खतरे को देखते हुए जिला प्रशासन अलर्ट मोड में आ गया है। जिलाधिकारी सविन बंसल के निर्देश पर तैयारियों की समीक्षा बैठक हुई। अपर जिलाधिकारी के.के. मिश्रा ने सभी विभागों को शीतलहर एक्शन प्लान तुरंत उपलब्ध कराने और जनता को जागरूक करने के निर्देश दिए। बेघर और जरूरतमंद लोगों के लिए शहर के प्रमुख स्थानों पर रात में अलाव, रैन बसेरों में कंबल, गद्दे और हीटर की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया है। तहसीलों और ब्लॉकों को भी राहत–बचाव उपकरणों के साथ कंट्रोल रूम सक्रिय रखने और हेल्पलाइन नंबरों का व्यापक प्रचार करने के आदेश दिए गए हैं।

पौड़ी

पौड़ी की जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया ने श्रीनगर के फरासू गांव में पहुंचकर बचपन आंगनबाड़ी केंद्र में प्रगति व पोषण की उन्नत पहल के अंतर्गत विकसित मॉडल बचपन आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। इस मौके पर जिलाधिकारी ने कहा कि बचपन आंगनबाड़ी केंद्रों को आधुनिक मॉडल पर विकसित किया जा रहा है। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रथम चरण में शामिल अन्य 60 आंगनबाड़ी केंद्रों को इसी मॉडल पर विकसित करना सुनिश्चित करें, ताकि बच्चों को वैज्ञानिक तरीके से, आधुनिक, सुरक्षित और पोषणयुक्त वातावरण में सीखने का अवसर मिल सके। साथ हीं आधुनिक शैक्षिक सामग्री के माध्यम से बच्चों को मनोरंजक तरीके से, खेल–खेल में और अधिक वैज्ञानिक पद्धति से सीखने की आदत विकसित करने का प्रयास सुनिश्चित किया जाए। इस दैरान उन्होंने गांव की गर्भवती महिलाओं, नवजात शिशुओं एवं माताओं को प्राप्त हो रही सरकारी योजनाओं की स्थिति भी जानी और धुआँमुक्त रसोई में बने भोजन से एक बच्चे का अन्नप्राशन संस्कार संपन्न करवाया।

हरिद्वार

नशामुक्त भारत अभियान को सफल बनाने के लिए आगामी 7 दिसंबर को हरिद्वार में बहुउद्देशीय जागरूकता जागरूकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने अधिकारियों को बैठक कर आपसी समन्वय के साथ समय से सभी व्यवस्थाएं को पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी को बहुउद्देशीय शिविर को सफल बनाने के लिए विभिन्न विभागों के माध्यम से संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के व्यापक प्रचार–प्रसार एवं आम जनमानस को योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराने के लिए स्टॉल लगाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने मुख्य शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि बच्चों को नशे की प्रवृत्ति से दूर रखने के लिए स्लोगन एवं पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की जाए।

बागेश्वर

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान बागेश्वर में निपुण भारत मिशन के अंतर्गत बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान पर आधारित पाँच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का चतुर्थ बैच शुरू हो गया है। इस प्रशिक्षण में जनपद के तीनों विकासखंडों के विभिन्न प्राथमिक विद्यालयों से चयनित लगभग 80 प्रधानाध्यापक प्रतिभाग कर रहे हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य आगामी परख सर्वेक्षण में जनपद के शैक्षिक प्रदर्शन को बेहतर करना है। प्रशिक्षण का मुख्य लक्ष्य कक्षा 3 तक बच्चों को पढ़ने–लिखने और गणितीय समझ में दक्ष बनाना है। प्रशिक्षण के दौरान खेल एवं गतिविधि–आधारित शिक्षण विधियों, मातृभाषा के उपयोग, तथा दैनिक जीवन से जुड़े उदाहरणों के माध्यम से कक्षा शिक्षण को अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया जा रहा है।

उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण

उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल और सभी जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों की ओर से 13 दिसम्बर को सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। जो मामले अभी न्यायालय में दायर नहीं हुए ऐसे प्री–लिटिगेशन व न्यायालयों में लम्बित वादों का निस्तारण किया जायेगा। इनमें फौजदारी के शमनीय मामले, धारा 138 एनआई एक्ट के मामले, मोटर दुर्घटना, वैवाहिक व कुटुम्ब न्यायालयों के मामले, श्रम सम्बन्धित मामले, भूमि अर्जन , दीवानी वाद, राजस्व और अन्य सहायक मामले, वेतन, भत्तों व सेवानिवृत्ति से सम्बन्धित मामले आदि सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित किए जाएंगे। प्राधिकरण के सचिव ने बताया कि जो भी व्यक्ति अपने वादों व मामलों को राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारित करवाना चाहते हैं, वे सम्बन्धित न्यायालय में 12 दिसम्बर तक किसी भी कार्यदिवस में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रार्थना पत्र दे सकते हैं।

खिलाड़ियों का सम्मान

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मुनस्यारी में अंतर–महाविद्यालयीय महिला फुटबाल प्रतियोगिता में लगातार चौथी बार प्रतियोगिता अपने नाम करने पर पंडित ब्रदी दत्त पाण्डे परिसर बागेश्वर की विजेता महिला खिलाड़ियों का सम्मान किया गया। यह प्रतियोगिता सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय अल्मोड़ा द्वारा आयोजित की गई थी। प्रतियोगिता में बागेश्वर सहित कुल पांच टीमों ने प्रतिभाग किया। परिसर निदेशक डॉ. कमल किशोर जोशी ने खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की।